बोलेरो पिकअप सहित 222 पेटी बियर लूट कांड का पुलिस ने किया चंद घंटों में खुलासा

6 आरोपियों से लूट का 13 लाख 40 हजार का माल किया बरामद, एसपी ने की ईनाम की घोषणा

बड़वानी।
कोतवाली पुलिस द्वारा बोलेरो पिकअप और 222 पेटी बियर लूट कांड का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपियों से लूट का माल बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि 27 मई 2026 को फरियादी ने थाने आकर बताया कि इन्दौर से पाटी उसकी बोलेरो पिकअप गाड़ी में परमिट की 222 पेटी बियर शराब लेकर जा रहा था। रास्ते में पाटी नाका के आगे मोटर सायकल से आए अज्ञात युवकों के द्वारा उसे रोक कर डरा धमका कर साथ ले जाकर बावनगजा पहाड़ियों तरफउसकी बोलेरो पिकअप व उसमें भरी बियर शराब को छिनकर फरियादी व उसके साथी को जगंल में देर रात छोड़ दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 309(4)बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



आरोपियों के द्वारा देर रात किए गए सनसनीखेज घटनाक्रम को कोतवाली बड़वानी पुलिस टीम द्वारा गंभीरता से लेकर पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर व एसडीओपी महेश सुनैया के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम को आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी बलजीत बिसेन को निर्देशित किया गया।

पुलिस द्वारा क्षेत्र में अलग-अलग टीमों को तैनात कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा आवश्यक भौतिक व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर लूटकांड घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेकर एक बोलेरो पिकअप और 102 पेटी बियर कीमती 13 लाख 40 हजार रूपए के माल सहित घटना में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है। प्रकरण में अब तक 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की गई तत्काल कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा कर उचित ईनाम की घोषणा भी की है।

आरोपी- पुलिस ने बताया कि कार्रवाई में गोविंद पिता भारत भावले उम्र 26 साल निवासी नानी बड़वानी, लखन पिता लक्ष्मण भाभर उम्र 29 साल निवासी नानी बड़वानी, महेश पिता सुभाष भुरिया उम्र 21 साल निवासी आमल्यापानी, यश उर्फकान्हा पिता मनोहर गेहलोत उम्र 22 साल निवासी माली मोहल्ला बड़वानी, रूपेश पिता रायसिंह सोलंकी उम्र 22 साल निवासी पाटी एवं हीरालाल उर्फ मिथुन पिता मुकेश चवाहान उम्र 19 साल निवासी नानी बड़वानी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक बोलेरो पिकअप, 102 पेटी बियर एवं घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल कीमत 13 लाख 40 हजार रूपए जब्त किए गए।

विशेष भूमिका- उक्त कार्रवाई में निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, उनि रवि ठाकुर, सुरेश मुवेल, कमल मोरे, प्रआर जगजोध सिंह, अजमेर सिंह, चंद्रशेखर चौहान, आरक्षक आत्माराम खोड़े, पुरुषोत्तम मण्डलोई, अंतरसिंह रावत, हितेंद्र मण्डलोई, पवन मण्डलोई, दीपक वर्मा, योगेश्वर चौहान, तारिक रजा, भूपेश बर्मन, दिनेश बैरवा, नरसिंह जमरा, चेतन, ज्ञानेश्वर तायड़े साइबर टीम के उनि रितेश खत्री, योगेश पाटिल, अर्जुन नरगावे, मडिया डावर, मोनिका पटेल की भूमिका रही।

दैनिक पंचांग

30 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.22 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	कर्क	08.36 बजे से
मंगल	मेष में	सिंह	10.52 बजे से
बुध	मिथुन में	कन्या	13.04 बजे से
गुरु	मिथुन में	तुला	15.14 बजे से
शुक्र	मिथुन में	वृश्चिक	17.29 बजे से
शनि	मीन में	धनु	19.45 बजे से
राहु	कुंभ में	मकर	21.50 बजे से
केतु	सिंह में	कुंभ	23.37 बजे से
		मीन	01.09 बजे से
		मेष	02.40 बजे से
		वृष	04.20 बजे से

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ पक्ष शुक्ल
तिथि चतुर्दशी 11.58 बजे को समाप्त।
नक्षत्र विशाखा 13.21 बजे को समाप्त।
योग शिव अहोरात्र।
करण वणिज 11.58 बजे तदनन्तर विष्टि 01.06 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 13.2 पण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 44'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872725
जूलियन दिन 2461190.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्हेज
तारीख 13
विशेष पूर्णिमा व्रत।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल	05.55 से	07.23 बजे तक	लाभ	05.37 से	07.10 बजे तक
शुभ	07.23 से	08.51 बजे तक	उद्वेग	07.10 से	08.42 बजे तक
रोग	08.51 से	10.19 बजे तक	शुभ	08.42 से	10.14 बजे तक
उद्वेग	10.19 से	11.46 बजे तक	अमृत	10.14 से	11.47 बजे तक
चर	11.46 से	01.14 बजे तक	चर	11.47 से	01.19 बजे तक
लाभ	01.14 से	02.42 बजे तक	रोग	01.19 से	02.51 बजे तक
अमृत	02.42 से	04.10 बजे तक	काल	02.51 से	04.23 बजे तक
काल	04.10 से	05.37 बजे तक	लाभ	04.23 से	05.56 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभलाभ श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय को मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार हो देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रहन के नक्षत्र

1	3	4	5
100	166	239	159
155	229	455	168
290	670	590	348

दिन-136-399
मधुर डे-446-266 मधुर नाइट-
मिलन डे-137-249 मिलन नाइट-

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, चर्तुदर्शी, शनिवार, चित्रा नक्षत्र, वलयोग, गरकरणे, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 36/29 नरसिंह जयंती चर्तुदर्शी व्रत, रवियोग तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, धनी-मानी, कवि होगा।

मेष राशि : सफलता के साधन जुटायें, समय की अनुकूलता से लाभ, आवश्यक कार्य बनेंगे।

वृष राशि : विशेष कार्य स्थिगित रखें, अचानक घटना का शिकार होने से बचें, ध्यान रखें।

मिथुन राशि : अधिकारियों से लाभ स्थगित रखें, अन्यथा विवाद, क्लेश संभव बन जायेगा।

कर्क राशि : विरोधी प्रबल होंगे तथा परेशान करने की स्थिति पैदा करेंगे, जल्दबाजी से हानि होगी।

सिंह राशि : भाग्य का सितारा प्रबल हो, धन का व्यय होगा, सुख वृद्धि, कार्य वृद्धि अवश्य होगी।

कन्या राशि : संतान से सुख तथा सम्पन्नता के योग बनें, मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

तुला राशि : कार्य-कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे, मित्रों से परेशानी अवश्य बनेगी।

वृश्चिक राशि : सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा तथा कुटुम्ब की समस्यायें जटिल होंगी।

धनु राशि : स्त्री-कष्ट, समय और धन नष्ट होगा, विरोधी समस्याओं से बचकर चलें।

मकर राशि : षड़यंत्र व कष्ट सामने आये किन्तु कुटुम्ब से लाभ होगा, कष्ट होगा, ध्यान दें।

कुंभ राशि : षड़यंत्रकारी विरोधी विवाद करने के लिये उ होंगे, विवाद को टालें नहीं तो हानि होगी।

मीन राशि : धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष बनेगा, व्यावधान व चिन्ता बनेगी।

कब और किसे धनवान बनाते हैं शनिदेव?

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, शनि सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह है. जहां हर ग्रह ढाई महीने में या 45 दिन में अपनी चाल बदल लेता है, वहीं शनि ढाई वर्ष में अपनी चाल बदलते हैं. शनि जीवन में हर तरह के कर्मों का कारक और फलदाता होता है. शनि की महादशा 19 साल तक चलती है. नकारात्मक प्रभाव होने पर शनि लंबे समय तक कष्ट देते हैं.

लोगों पर शनि हमेशा कृपा बरसाते हैं. अच्छे कर्म वाले लोगों पर भी शनि की कृपा हमेशा बनी रहती है. कहते हैं कि जीवन के शुभ और अशुभ कर्मों का हिसाब शनि ही रखते हैं. ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, शनि सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह है. जहां हर ग्रह ढाई महीने में या 45 दिन में अपनी चाल बदल लेता है, वहीं शनि ढाई वर्ष में अपनी चाल बदलते हैं. वैदिक ज्योतिष के मुताबिक शनि न्यायाधीश देवता हैं. कुंडली में शनि की स्थिति से ही धन की स्थिति तय होती है. शनि के प्रभाव से व्यक्ति राजा से रंक हो जाता है. शनि को फल और कर्म दोनों का कारक माना जाता है.

शनि का धन की प्राप्ति से संबंध

शनि जीवन में हर तरह के कर्मों का कारक और फलदाता होता है. शनि की विशेष स्थितियों से धन की प्राप्ति सरल हो सकती है और मुश्किल भी हो सकती है. शनि की महादशा 19 साल तक चलती है. नकारात्मक प्रभाव होने पर शनि लंबे समय तक कष्ट देते हैं. शनि नकारात्मक हो तो साढेसाती या ढैया घोर दरिद्रता देती है. कुंडली में बेहतर योग होने के बावजूद अगर कर्म शुभ ना हो तो शनि धन की खूब हानि करवाता है.

शनि व्यक्ति को मालामाल बना सकते हैं. अच्छे कर्म करने पर धन वर्षा करते हैं शनिदेव. कहते हैं कि शनि जीवन में हर तरह के शुभ अशुभ हिसाब रखते हैं. मनुष्य के जीवन में कर्म बहुत ही महत्व रखते हैं जैसा कर्म वैसा ही जीवन. शनि की टेढ़ी नजर जिस भी व्यक्ति पर पड़ती है उस व्यक्ति का जीवन कष्टों से भर जाता है.

खास कामों से प्रसन्न होंगे शनि

1. साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें.
2. घर और मोहल्ले को गंदगी से दूर रखें.
3. गरीबों को काले चने, काले तिल या उड़द, काले कपड़े दान करें.
4. धूप से बचने के लिए काले छातों का दान करें.
5. कभी किसी जरूरतमंद का फायदा न उठाएं.
6. किसी भी व्यक्ति का अहित न करें.
7. पेड़ पौधों को नुकसान न पहुंचाएं.
8. पीपल के वृक्ष का विशेष ध्यान रखें. 9. शनिदेव के मंत्रों का जाप करें. मंत्र है- ऊं शं शनैश्चराय नम 10. छाया दान करें.

ज्योतिषियों के मुताबिक, ईमानदार और मेहनती लोगों को शनि अच्छा फल देते हैं. शनि अपने भक्तों को परम कल्याण की ओर भेजते हैं. शनि अर्थ, धर्म, कर्म और न्याय के प्रतीक हैं।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता रणापुर
जिला झाबुआ मध्यप्रदेश 7000098868 9425188009

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस की नाबालिग बालिका को सकुशल ढुंढकर दस्ताब

बड़वानी। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिलेभर में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्ताबी के लिए ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्ताबी के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। फरियादी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 मई 2026 को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सतत प्रयास एवं तकनीकी सहायता से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्ताबद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, उप निरीक्षक ललिता चौहान, महिला आरक्षक लक्ष्मी, आरक्षक बल्लू एवं आरक्षक सरदार की भूमिका रही।

सूखी पहाड़ियों में बारिश के पानी को सहेजेंगे कंटूर ट्रेंच

बड़वानी। जिले के पाटी क्षेत्र की सूखी पहाड़ियों में अब कंटूर ट्रेंच के माध्यम से बारिश के पानी को सहेजने का काम किया जाएगा। इसे लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में जल संग्रहण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से कंटूर ट्रेंच का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

यह संरचना पहाड़ी और ढलानी क्षेत्र में बारिश के पानी को बहने से रोकेगी, जिससे मिट्टी का कटाव कम होगा और क्षेत्र का वाटर लेवल सुधरेगा। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए भी जल स्त्रोतों की साफ-सफाई सहित गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पाटी में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आम लोगों के जनसहयोग से चाखलिया रोड़ स्थित पहाड़ियों में श्रमदान कर 270 कंटूर ट्रेंच बनाए गए। इस दौरान जपं के मंडल अध्यक्ष, संजय वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकांत त्रीपाठी जेप सीईओ मीना झां, एसडीओ रुस्तम रावत, सचिव सयाराम वास्कले, उपवंत्री सरदार चौहान, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ, 31 मई को शहर में निकलेगी जिला स्तरीय जनजागरण यात्रा

बड़वानी। जिले में व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ अभियान के तहत 24 मई से व्यसन मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर जयंती सिंह के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में हो रहा है। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक लखन विश्वकर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक रौनक सोलंकी ने बताया कि सप्ताहभर जिले की तहसीलों में जनजागरण, सम्पर्क अभियान, संकल्प सभाएं, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक तथा व्यसन मुक्ति से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का समापन 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला स्तरीय जन जागरण यात्रा के रूप में होगा। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से भव्य रैली एवं व्यसन मुक्ति मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन, युवा, मातृशक्ति एवं नागरिकजन सहभागिता कर नशामुक्त समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प लेंगे।

थाना कोतवाली में लावारिस एवं जब्तशुदा वाहनों की खुली नीलामी सम्पन्न

18 वाहनों का निराकरण कर शासन को 156300 रूपए की राशि हुई प्राप्त

बड़वानी। जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार थानों में लंबे समय से रखे लावारिस एवं जब्तशुदा वाहनों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर तथा एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली द्वारा सार्वजनिक नीलामी की कार्रवाई संपन्न की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्वद्ध) द्वारा जारी आदेशानुसार 29 मई को थाना परिसर कोतवाली में खुली नीलामी आयोजित की गई। जिसमें 18 दोपहिया वाहनों को विक्रय के लिए रखा गया। नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व बोलीकर्ताओं को वाहनों की स्थिति एवं निर्धारित ऑप्सेट मूल्य की जानकारी दी गई तथा नियमानुसार प्रत्येक वाहन की पृथक खुली बोली लगवाई गई।

बोलीकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया, जिसमें सर्वाधिक बोली वाली मोटर सांइकिल 21500 रूपए नारू पिता टेलसिंग निवासी सुखपुरी सिलवाद की होकर सभी 18 वाहनों का निराकरण कर 156300 रूपए की राशि निलामी में प्राप्त हुई। प्रत्येक वाहन की अधिकतम बोली लगाने वाले आवेदकों के पक्ष में मौके पर ही वाहन सुपुर्दगी संबंधी अग्रिम वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार हितेंद्र भावसार, थाना प्रभारी कोतवाली बलजीत सिंह बिसेन, प्रधान आरक्षक अजमेर अलावा, महिला आरक्षक सुशीला कंकू, एसडीएम रीडर शांतिलाल तरोले तथा राजस्व विभाग का स्टॉफएवं थाना कोतवाली के अधिकारी और कर्मचारियों की भूमिका रही।बड़वानी।

एक सूर्य, एक पृथ्वी, एक नरेंद्र मोदी, 12 साल अनवरत विकास के साथ : सुरेंद्र शर्मा

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला कार्यशाला सम्पन्न, 5 से 21 जून तक चलेगा महाभियान

बड़वानी।
भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जुलवानिया के समीप ग्राम बाजड़ स्थित गोरे कृषि फार्म में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के पूर्ण होने पर आगामी 5 से 21 जून तक चलने वाले महाभियान की रूपरेखा तय करना रहा। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि अतिथियों द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

गुजरात से दिल्ली तक, विकास का पर्याय बने मोदी- मुख्य अतिथि संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा आकाश में एक ही सूर्य है जो रोज़ बिना थके पूरी धरती को रोशनी देता है। हमारी इस दुनिया में एक ही पृथ्वी है जो सबका पालन करती है। आज भारत के विकास की कहानी में भी एक ही नाम बार-बार आता है नरेंद्र मोदी। एक सूर्य, एक पृथ्वी, एक नरेंद्र मोदी को चरितार्थ करता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि 12 साल गुजरात के मुख्यमंत्री और अब 12 साल प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का दो दशक से ज्यादा का सफर अनवरत विकास का पर्याय बन गया है। गुजरात माडल ने दिखाया कि सुशासन से क्या हो सकता है। वहीं माडल जब दिल्ली पहुंचा तो देश ने देखा डिजिटल इंडिया से गांव-गांव तक इंटरनेट, मेक इन इंडिया से फैक्ट्रियों की गूंज, उज्ज्वला से माताओं के चेहरों पर धुएं से मुक्त मुस्कान और जी20 की अध्यक्षता से दुनिया में भारत का बढ़ता कद। शर्मा ने कहा कि धारा 370 का हटना, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण, नए संसद भवन का निर्माण, कोरोना में वैक्सीन मैत्री या चांद पर चंद्रयान हर फैसला बताता है कि विकास रुकता नहीं। एक सूर्य पूरी सृष्टि को ऊर्जा देता है, एक पृथ्वी सबको जगह देती है और एक नेतृत्व जब संकल्प के साथ चलता है तो पूरे राष्ट्र को नई दिशा मिलती है।

5 से 21 जून तक महाभियान, 7 बड़े कार्यक्रम- जिला अध्यक्ष अजय यादव ने महाभियान की रूपरेखा रखते हुए बताया कि पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले भर में 5 से 21 जून तक विशेष कार्यक्रम होंगे। इसके लिए अलग-अलग कार्यक्रमों के प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं।

आयोजनों को जमीनी स्तर पर उतारें- पानसेमल विधायक श्याम बरडे ने मोदी सरकार के 12 साल के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से आयोजनों को बूथ स्तर तक ले जाने का आवाहन किया। महाभियान के जिला संयोजक रविन्द्र कुलकर्णी ने आगामी कार्यक्रामों की विस्तार से रूपरेखा सांझा की।

ये रहे मंचासीन- कार्यशाला में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, पूर्व विधायक चंद्रभागा किराड़े, भाजपा नेता अंतर सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खण्डेलवाल, ओमप्रकाश सोनी व कमलनयन इंगले, वीरेंद्र सिंह दरबार, लोकेंद्र शुक्ला, सचिन चौहान मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह ने किया व आभार सविता खरते ने माना। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सभी मण्डल अध्यक्ष, मोर्चों के जिला अध्यक्ष सहित अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।